# सूचना प्रौद्योगिकी
# एवं
# ई–गवर्नेंस
# (आईटी–ईजी)

## सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस (आईटी–ईजी)

### 1.0 प्रस्तावना

'सूचना प्रौद्योगिकी और ई–गवर्नेंस' (आईटी–ईजी) समूह को 10वीं योजनावधि के मध्य में विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी अवसरों के त्वरित उपयोग के सरलीकरण के लिए बनाया गया था तथा इस प्रकार इसने विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी कार्य करने में समर्थ वातावरण उपलब्ध कराया। प्राथमिक रूप से विद्यमान कार्यविधियों और प्रक्रियाओं को नागरिक केन्द्रित रीति में परिवर्तित करने के लक्ष्य से, विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी – ई गवर्नेंस प्रभाग राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस कार्य योजना के अनुरूप ई–गवर्नेंस का कार्यान्वयन करता है। सूचना प्रौद्योगिकी दृ ई–गवर्नेंस प्रभाग सूचना प्रौद्योगिकी कार्य–योजना के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान सचिवालयी आर्थिक सेवाओं के अंतर्गत एक पृथक सूचना प्रौद्योगिकी बजट शीर्ष के तहत संचालन करता है।

### 1.1 सूचना प्रौद्योगिकी कार्य योजना

विभाग में सूचना प्रौद्योगिकी और ई–गवर्नेंस गतिविधियों के लिए दसवीं योजना के दौरान समय–समय पर जारी सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप नीचे दिए अनुसार एक व्यापक सूचना प्रौद्योगिकी कार्य योजना तैयार की गई है:

- अवसंरचना विकासः सभी अधिकारियों को पर्सनल कम्प्यूटर (पीसी) और अन्य आवश्यक सूचना प्रौद्योगिकी– उपकरण और साफ्टवेयर उपलब्ध कराना और उनका अनुरक्षण।
- नेटवर्किंगः लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन) का उन्नयन, प्रसार और अनुरक्षण।
- कार्यालय स्वचालनः विभिन्न साफ्टवेयर अनुप्रयोगों का कार्यान्वयन जिससे न केवल आवतियों, पत्रों के निर्गम, फाइलों के संचलन का रिकार्ड रखा जाता है, बलकि इसके नियमन में उत्तरदायित्वता, द्रुत प्रतिक्रिया और पारदर्शिता में वृद्धि होती है।
- सूचना प्रौद्योगिकी प्रशिक्षणः अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करना, जिससे उन्हें विकसित अनुप्रयोग साफ्टवेयर का प्रयोग करते हुए कम्प्यूटरों पर कार्य करने के समर्थ बनाया जा सके।
- ई–रिपोर्टें: अधिनियमों, नियमों, परिपत्रों और जनता के हितार्थ और प्रासंगिक अन्य प्रकाशित सामग्रियों को इलैक्ट्रानिक रूप में परिवर्तित करना।
- डीबीटी मिशनः सीएसआईआर–एचआरडीजी, डीबीटी मिशन पोर्टल के साथ एनआरडीसी तथा सीडीसी को शामिल करते हुए डीएसआईआर की पांच स्कीमों का ऑन–लाइन एकीकरण।
- वेबसाइटः विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न नागरिक सेवाओं से सम्बद्ध डाऊनलोड योग्य प्रपत्रों और मार्गदर्शी सिद्धांतों को समाविष्ट करते हुए डीएसआईआर वैबसाइट की विषय–सामग्री को समृद्ध बनाना।

### 1.2 उद्यम समेकन, कार्यक्रम कार्यान्वयन तथा ई–सर्विस डिलिवरी

संस्थागत आर एंड डी यूनिटों, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठनों (साइरोज), सार्वजनिक निधियत अनुसंधान संस्थानों (पीएफआरआई) को मान्यता तथा नवीकरण के लिए, और फार्म 3 सीके में आवेदन प्रस्तुत करने के लिए उद्योग को वित्तीय प्रोत्साहन देने, 3सीएम सीएम प्रमाणपत्र सृजित करने एवं फार्म 3सीएल में वार्षिक विवरणियाँ प्रस्तुत करने के लिए उपयोगकर्ता हितैषी ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म विकसित किया गया है। प्रौद्योगिकी विकास तथा प्रदर्शन के अंतर्गत प्रस्तावों को प्रस्तुत करने के साथ–साथ प्रौद्योगिकी उपलब्धकर्ताओं तथा खोजकर्ताओं के लिए निर्धारित आवेदन प्रारूप के अनुसार पेस कार्यक्रम के अंतर्गत वैब समर्थित फार्म में आवेदन के ऑनलाईन प्रस्तीकरण के लिए प्रणाली को विकसित कर लिया गया है। समय प्रभावी समर्थक आवेदन अनुमोदन प्रक्रिया को भी विकसित कर लिया गया है। प्रिज्म कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान नियुक्ति के लिए कार्यप्रवाह तथा समर्थक आवेदन अनुमोदन सहित निर्धारित आवेदन प्रारूप के अनुसार वैब समर्थित फार्म में आवेदन के आनलाईन प्रस्तुतीकरण के लिए प्रणाली को विकसित कर लिया गया है। स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक

क्षेत्र के उद्यमों तथा एपीसीटीटी के मांग–अनुदान सहयोग के अंतर्गत विकसित आवेदन प्रारूप के अनुसार वैब समर्थित फार्म में आवेदन के ऑनलाईन प्रस्तुतीकरण की प्रणाली को अनुदान निमुर्क्ति के लिए कार्यप्रवाह तथा समर्थन आवेदन अनुमोदन सहित विकसित कर लिया गया है। आवेदन का प्रणाली में डाटा लीगेसी प्रविष्टी का प्रावधान है। उपयोगकर्ताओं के बीच मुद्दों के निरंतन ट्रैकिंग के लिए एक मंच तैयार किया गया है। प्रणाली का इस्तेमाल लॉगस, सिस्टम रिपोर्टों तथा इलैक्ट्रानिकी ट्रेसेस एक्रास ट्रांसजैक्शन्स के माध्यम से जांच की जा सकती है।







## 1.3 कार्यालय स्वचलन समाधान, कार्यप्रवाह प्रबन्धन, रिकार्ड प्रबन्धन तथा ऑकड़ा भंडारण

कार्यालय स्वचलन समाधान, कार्यप्रवाह प्रबन्धन, रिकार्ड प्रबन्धन, ऑकड़ा गोदाम तथा एचआर प्रबन्धन और प्रक्रिया, भंडार तथा खरीद, योजना की आवश्यकताएं, बजट तथा लेखा–परीक्षा, विद्यकान द्विभाषी वैबसाईट का पुनर्गठन तथा जैसे अतिरिक्त माड़यूलों के साथ–साथ एम–गवर्नेंस अनुपालन, स्मार्ट कार्ड आधारित उपसथिति प्रणाली, रिकार्ड कक्ष में आरएफआईडी कार्यान्वयन विकसित किए गए तथा प्रयोग किए जा रहे हैं। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए, किसी भी सरकारी पर्यावरण के भीतर आवश्यकताओं के उपयुक्त अभिभाषण तथा दावे के लिए दस्तावेज प्रबन्धन तथा व्यापार प्रक्रिया प्रबन्धन के माध्यम से मूल्य वर्धित समाधान का अभिकल्पन, विकास तथा परीक्षण किया गया।

## 1.4 डीएसआईआर वेबसाइट

डीएसआईआर वैबसाईट (द्विभाषी) भारत सरकार के वैबसाईट के लिए दिशनिर्देशों (जीआईजीडबल्यू) के अनुसार तैयार की गई। वैबसाईट को नियमित रूप से अद्यतित किया गया है तथा 6 अगस्त, 2018 से इसे 1,94,720 से अधिक बार देखा गया और रिपोर्टाधीन अवधि के लिए 31 दिसंबर, 2019 तक यह संख्या 74,720 है। डीएसआईआर की नई वैबसाइट जिसमें कंटैंट मैनेजमेंट फ्रेमवर्क (सीएमएफ) का एकीकरण है, ईसे एनआईसी, सीएमएफ टीम तथा डीएसआईआर द्वारा वर्तमान को नए वैबसाइट (URL : http://www-dsir-gov-in/ | http://14.143.90.243/dsir/}) है, विकास के अंतिम चरण में है। वैबसाइट का विकास तथा कंटैंट अंतरित करने का काम पूरा हो गया है।


Ministry of Science and Technology
Department of Scientific and Industrial Research


विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग